**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–04 जनवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी में बहत्तरवीं सीनियर नेशनल महिला–पुरुष वॉलीबॉल चैंपियनशिप का करेंगे वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन। प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे देशभर से आए एक हजार से अधिक खिलाड़ी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में की विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा। सड़क निर्माण के कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश।
- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ में बंदियों की समयपूर्व रिहाई से संबंधित शासनादेश पर की बैठक। कहा– पारदर्शी और न्यायसंगत हो रिहाई की प्रक्रिया।
- पौष पूर्णिमा स्नान के साथ प्रयागराज में कल से शुरू हुआ चौवालीस दिवसीय माघ मेला। पहले दिन बाइस लाख से अधिक लोगों ने किया स्नान।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी में सात दिवसीय 72वीं सीनियर नेशनल महिला–पुरुष वॉलीबॉल चैंपियनशिप का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता में देशभर से आए कुल एक हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

***वाराणसी के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाली 72वीं सीनियर नेशनल महिला–पुरुष वॉलीबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे। प्रधानमंत्री इस मौके पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये स्टेडियम में मौजूद लोगों को संबोधित भी करेंगे। समारोह में लगभग पांच हजार लोगों की उपस्थिति रहेगी। वाराणसी के इतिहास में पहली बार अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ के ऑब्जर्वर स्विट्जरलैंड से इस प्रतियोगिता की निगरानी करने आ रहे हैं। चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए अब तक 15 राज्यों की टीमों के खिलाड़ी वाराणसी पहुँच चुके हैं। 11 जनवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रत्येक दिन राज्यपाल सहित केंद्रीय मंत्रियों और प्रदेश सरकार के मंत्रियों की उपस्थिति रहेगी। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भगवान बुद्ध द्वारा दिखाया गया मार्ग और दिया गया ज्ञान समस्त मानवता के लिए है। उनके पवित्र अवशेष मात्र कलाकृतियां नहीं बल्कि देश की विरासत का अभिन्न अंग हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कल नई दिल्ली के राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ करने के बाद आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के ये पवित्र अवशेष भारतीय सभ्यता का अभिन्न अंग हैं।

***भगवान बुद्ध के पवित्र रैलिक्स को अपने बीच पाकर हम सभी धन्य हैं। इनका भारत से बाहर जाना और लौटकर फिर भारत आना यह दोनों ही पड़ाव अपने आप में बहुत बड़ा सबक है। सबक यह है की गुलामी सिर्फ राजनीतिक और आर्थिक नहीं होती गुलामी हमारी विरासत को भी तबाह कर देती है।***

1898 में खोजे गए पिपरहवा अवशेषों का प्रारंभिक बौद्ध धर्म के पुरातात्विक अध्ययन में महत्वपूर्ण स्थान है। पुरातात्विक साक्ष्य पिपरहवा स्थल को प्राचीन कपिलवस्तु से जोड़ते हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। वहां उन्होंने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की प्रगति और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण के कार्य में तेजी लायी जाय, इससे सम्बन्धित न्यायालयों में लम्बित मामलों की उचित पैरवी कर शीघ्रता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। श्री योगी ने नागरिकों के लिये हर हाल में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कल देर रात वाराणसी के एक रैन बसेरे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को कम्बल और भोजन के पैकेट वितरित किये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बरेली पहुंचकर फरीदपुर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक डॉ० श्याम बिहारी लाल के परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। डॉ० श्याम बिहारी लाल का एक दिन पूर्व दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

**********

गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जे.पी. सैनी को लखनऊ विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया गया है। वह कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिये यह जिम्मेदारी सभालेंगे। प्रोफेसर सैनी की नियुक्ति का आदेश कल राजभवन से जारी कर दिया गया।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में कल लखनऊ में कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएँ, उत्तर प्रदेश द्वारा समयपूर्व रिहाई से संबंधित प्रस्तावित शासनादेश के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों ने

प्रस्तावित शासनादेश के विभिन्न प्रावधानों, उद्देश्यों एवं प्रक्रिया पर प्रस्तुति दी। राज्यपाल ने प्रस्तावित शासनादेश के विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की तथा आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिये। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि समयपूर्व रिहाई की प्रक्रिया पारदर्शी, न्यायसंगत एवं सुधारात्मक उद्देश्य के अनुरूप हो, जिससे बंदियों के हित सुरक्षित रह सकें।

**********

प्रयागराज में संगम तट पर कल पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ 44 दिनों तक चलने वाले माघ मेले का शुभारंभ हो गया है। कल बाइस लाख से अधिक लोगों ने स्नान किया। यह सिलसिला अनवरत जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं और प्रदेशवासियों को पौष पूर्णिमा की बधाई दी है। प्रशासन की तरफ से मेला क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***पौष पूर्णिमा के स्नान के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे हैं। कल्पवासियों ने भी शिविरों में डेरा डाल दिया है। श्रद्धालु सभी घाटों पर स्नान कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के प्रशासन की तरफ से व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इस बार 800 हेक्टेयर में मेला क्षेत्र बसाया गया है,। त्वरित उपचार के लिए 20–20 बेड के दो अस्पताल बनाए गए हैं । मेला क्षेत्र में 17 थाने, 42 चौकियां और एक पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। 400 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। प्रयागराज के जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने बताया कि प्रशासन के अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। मेले में उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम की 3800 बसें लगाई गई हैं। माघ मेले में 6 प्रमुख स्नान होंगे और महाशिवरात्रि पर पावन स्नान के साथ यह आयोजन सम्पन्न होगा। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, माघ मेला क्षेत्र, प्रयागराज।***

उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की तरफ से 30 जनवरी तक प्रयागराज में भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि माघ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा की जीवंत अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की पावन भूमि पर कला और अध्यात्म का यह संगम 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की भावना को और सुदृढ़ करेगा।"

**********

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक कालखंड है। इस वर्ष की नीतियों से प्रगति को नई दिशा मिली और इरादों के सार्थक परिणाम मिले। विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में प्रस्तुत है 2025 के दौरान वित्त क्षेत्र में भारत की प्रगति पर एक रिपोर्ट.....

***2025 में समानता, नवाचार, तकनीक और वैश्विक प्रभाव के क्षेत्र में भारत की प्रगति को दुनिया भर में बड़ी पहचान मिली। वर्ल्ड बैंक ने भारत को दुनिया के सबसे समान समाजों में से एक बताया। भारत का जी इंडेक्स 25 `दशमलव 5 रहा, जो चीन, अमरीका और सभी ळ7 तथा जी20 देशों से बेहतर है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार भारत में सामाजिक सुरक्षा का दायरा 2015 में 19 प्रतिशत था, जो 2025 में बढ़कर 64 दशमलव 3 प्रतिशत हो गया है। भारत की डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को भी वैश्विक स्तर पर सराहना मिली है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस–यूपीआई को दुनिया की सबसे बड़ी रियल टाइम भुगतान प्रणाली बताया है। भारत की संस्कृति और नवाचार की पहचान भी बढ़ी है, यूनेस्को से सम्मान मिला है और ग्लोबल इन्नोवेशन इंडेक्स में भारत 38 स्थान पर पहुंच गया है। नितिका के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

प्रदेशभर में इमाम हजरत अली का जन्म दिवस कल धूमधाम से मनाया गया। वाराणसी में इस मौके पर कड़ी सुरक्षा के बीच जुलूस निकाला गया। कुछ स्थानों पर सभाओं का आयोजन कर हजरत अली के जीवन आदर्शो पर प्रकाश डाला गया।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में घने कोहरे और शीतलहर का सिलसिला जारी है। इसके चलते जन–जीवन प्रभावित हुआ है कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से ट्रेनें विलम्ब से चल रही हैं जबकि हवाई उड़ानें निर्धारित समय पर नहीं हो पा रही हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए राज्य के अधिकांश जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है और शीतलहर जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है।

**********